प्रदर्शन — इंद्राना में ओवरलोड ट्रक ने मोटरसाईकिल चालक को रौंदा, शव रोड में रखकर किया चक्काजाम

# दुर्घटना में युवक की मौत के बाद थाने का घेराव



**इंद्राना नवभारत 25 अगस्त।** मझौली थाना क्षेत्र के इंद्राना में दर्दनाक सड़क हादसे ने उस वक्त उग्र रूप ले लिया जब आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने इंद्राना पुलिस चौकी का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क पर शव रखकर चक्काजाम से इलाके में घंटों अफरा-तफरी का माहौल रहा।

मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति बिगड़ती देख मझौली थाना प्रभारी मंजू शर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और निष्पक्ष कार्रवाई के ठोस आश्वासन के बाद जाम खुलवाया।

### लापरवाही ने ली जान

इंद्राना चौकी के समीप ईंटों से ओवरलोड तेज रफ्तार 407 वाहन ने बाइक सवार राघवेंद्र सिंह राजपूत को बेरहमी से कुचल दिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि राघवेंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की खबर फैलते ही सैकड़ों ग्रामीण और परिजन इंद्राना चौकी पर जमा हो गए। आक्रोशित भीड़ ने शव को चौकी के ठीक सामने सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक और आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए।

थाना प्रभारी मंजू शर्मा ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार वाहन व चालक के खिलाफ सख्त कानूनी धाराओं में कार्रवाई होगी और क्षेत्र में बेलगाम दौड़ने वाले भारी वाहनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर नकेल कसी जाएगी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इंद्राना-मझौली मार्ग पर ओवरलोड डंपर और लोडिंग वाहनों की बेधड़क आवाजाही आम राहगीरों के लिए काल बन चुकी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर फरार वाहन और चालक की तलाश तेज कर दी है।

# गोसलपुर में फोरलेन पर गांजे के साथ युवक पकड़ाया



**सिहोरा नवभारत 25 अगस्त।** गोसलपुर थानान्र्तगत एनएच 38 फोरलेन में संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े युवक से पूछताछ और जांच करने पर गांजे की बड़ी खेप मिली। पुलिस ने उससे लगभग 20 हजार रूपये कीमत का गांजा जब्त किया।

पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्मत उपाध्याय व्दारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब विक्रय की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु आरोपियों की पतासाजी करते हुए वैधानिक कार्यवाही करने आदेशित किया गया है आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिहोरा आदित्य सिंघारिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गोसलपुर श्रीमति भावना तिवारी के नेतृत्व में थाना गोसलपुर की टीम व्दारा मंगलवार को यात्री प्रतिक्षालय एनएच-30 बायपास बुढागर में एक व्यक्ति व्दारा संदिग्ध हालात में मिलने पर विधिवत पूछताछ कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 किलो 529 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। इसकी कीमत करीब 20,000 रुपये बताई गई है। आरोपी राकेश कुशवाहा पिता भगवानदास कुशवाहा निवासी देवनगर थाना गोसलपुर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धाराओं में अपराध पंजीबध्द किया गया है आरोपियों के विरुध्द आगे भी निरंतर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी आरोपी को पकडने में निरीक्षक भावना तिवारी, उपनिरीक्षक अर्चना सल्लाम, आर. जितेन्द्र राय,आर. राजीव, सैनिक छोटे आदि उपस्थित रहे।



# बाउंड्री में फैलाये करंट से गौवंश की मौत, बवाल


**कटंगी नवभारत 25 अगस्त।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड क्रमांक- 7 में एक घर में तार बिछा करके घर की मीटर से उक्त करंट फैलाया गया है। इसी तार से करंट की चपेट में आने पर निराश्रित गोवंश की मृत्यु हो गई है। सूचना पर थाना कटंगी पुलिस बल सहित अन्य विभाग तत्काल मौके पर पहुंचा। विद्युत मंडल एवं वेटरनरी डॉक्टर द्वारा गोवंश का परीक्षण करके मृत घोषित किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी शेख रहमान को गिरफ्तार कर थाने लाया गया नगर में इस घटना को लेकर रोष व्यक्त है। विश्व हिंदू परिषद के रघुराज यादव, दादा सुखदेव यादव ,गोविंद राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंच करके कार्यवाही कराई।

# सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी, तीन माह से नहीं मिला वेतन

▸ जनशिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**मझौली नवभारत 25 अगस्त।** त्यौहारों के ऐन वक्त पर शिक्षा विभाग की तकनीकी और प्रशासनिक सुस्ती ने सैकड़ों कर्मचारियों के घरों का चूल्हा बुझा दिया है। जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर के अंतर्गत कार्यरत सी.ए.सी. जनशिक्षक और बी.ए.सी. को पिछले तीन महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है।

गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण शासकीय अध्यापक-शिक्षक संघ ने मझौली तहसीलदार के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर रक्षाबंधन से पहले एकमुश्त वेतन जारी करने की अंतिम चेतावनी दी है।



### स्पर्श पोर्टल में गड़बड़ी

ज्ञापन के अनुसार वेतन न मिलने का मुख्य कारण' एस.एन.ए. स्पर्शसॉफ्टवेयर पोर्टल का समय पर अपडेट न होना है। तीन महीने से तकनीकी पेंच फंसा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। संघ ने बताया कि मामले को लेकर जिला परियोजना समन्वयक जबलपुर को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई गई थी लेकिन नतीजा सिफर रहा। उच्च अधिकारियों की इस उदासीनता से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

### मुसीबतों का अंबार

वेतन न मिलने से बैंक लोन और घरेलू ईएमआई समय पर नहीं कट पा रही हैं। इससे कर्मचारियों की वित्तीय साख पूरी तरह बिगड़ चुकी है। आर्थिक तंगी के कारण परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया है, जिससे कर्मचारी गंभीर मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।

### त्यौहार से पहले मायूसी

रक्षाबंधन जैसा बड़ा पर्व सिर पर है, लेकिन तीन माह से जेब खाली होने के कारण कर्मचारियों के घरों में मायूसी छाई है। शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया है कि तकनीकी व्यवस्था सुधारने में नाकाम रहे जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। यदि शासन ने त्योहार से पूर्व समस्त बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया, तो कर्मचारी संघ सड़क पर उतरकर उग्र और चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी।

# पड़ोसी के चिल्लाने से सामान छोड़कर भागे अज्ञात चोर

▸ गोसलपुर में साहसी युवक ने लाखों की चोरी की वारदात रोकी

**सिहोरा नवभारत 25 अगस्त।** पुलिस थाना के आने वाले गोसलपुर कस्बे के पास महाकाली ग्राउंड के पास स्थित तीन-चार मकानों में चोरी करने पहुंचे चोर पड़ोसी के चिल्लाने से भाग खड़े हुए। उन्होंने इन घरों से चोरी के लिए सामान बाहर निकाल लिया था लेकिन हल्ला होने बाद वे भाग गए।


सूत्रों के मुताबिक रात तेज बारिश होने के चलते सूनेपन व अंधेरे का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने कैलाश नेमा अशोक सोनी, मातृ छाया स्कूल का ताला तोड़कर बड़ी चोरी को अंजाम देने की असफल कोशिश की। चोरों के पड़ोस में होने की आहट मिलने पर पड़ोसी ने हल्ला मचाया। चिल्लाने की आवाज सुनकर चोर चोरी किए गए सामान मोटरसाइकिल लैपटॉप इंडक्शन व अन्य सामग्री छोड़कर भाग गए। सुबह घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय पड़ोसियों ने गोसलपुर पुलिस को सूचना दी।



# बुढ़ानसागर में जन्माष्टमी तक अनवरत रामायण पाठ

▸ हनुमान मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**सिहोरा नवभारत 25 अगस्त।** सावन मास के पावन अवसर पर स्थानीय बड़े हनुमान मंदिर में अखंड रामचरितमानस पाठ का भक्तिमय आयोजन निरंतर जारी है। यह धार्मिक अनुष्ठान पूरे सावन माह से प्रारंभ होकर आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक अनवरत चलेगा।



मंदिर परिसर में प्रतिदिन चौपाइयों और भजनों की गूंज से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और धर्मलाभ ले रहे हैं। आयोजन समिति एवं स्थानीय भक्तों के सहयोग से रामायण पाठ का सुचारु रूप से संचालन किया जा रहा है।

इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल संचालन एवं पाठ में प्रमुख रूप से नरवद चौरसिया, प्रभु पटेल, अंकित चौबे, रामधनी चौरसिया, राजेश चौरसिया (सेठ), नीलेश चौरसिया, राकेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, रिंकू साहू, जय कुमार चौबे,विशाल चौरसिया, कमलेश चौरसिया, युगल उपाध्याय, पुजारी शुभम त्रिपाठी प्रकाश मिश्रा, सुधीश महाराज का सहयोग कर रहे हैं। अनुष्ठान का समापन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# महंगाई के विरोध में सिहोरा में कल प्रदर्शन करेंगे कांग्रेसी

▸ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कार्यकताओं से की अपील

**सिहोरा नवभारत 25 अगस्त।** बढ़ती मंहगाई के विरोध और आम जनता पर बढ़ते बोझ के विरोध में सिहोरा में कांगेसी आज 27 अगस्त को प्रदर्शन करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जबलपुर के अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा द्वारा 27 अगस्त , गुरुवार को बढ़ती महंगाई के विरोध में विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचेंगे।

कार्यक्रम में शक्कर, बिजली बिल एवं गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 1 बजे बस स्टैंड सिहोरा में किया जाएगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण दोपहर 1 बजे से पूर्व प्रकाश कुररिया के कार्यालय, बाबा ताल सिहोरा में होगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल एवं नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी ने समस्त कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ एवं आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के मुद्दे को लेकर पार्टी द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# मछली पालन के साथ सिंघाड़े की खेती करने से भीटा के किसान हल्कू बर्मन को हो रही दोगुनी आय

**शहपुरा।** खरीफ मौसम में जहां अधिकांश किसान धान की खेती को प्राथमिकता देते हैं, वहीं विकासखंड शहपुरा के ग्राम भीटा के किसान हल्कू बर्मन ने अपने खेत की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए नवाचार कर मछली पालन के साथ सिंगाड़े की खेती को अपनाकर अनोखी मिसाल पेश की है।



हल्कू बर्मन कृषि अधिकारियों की समझाइश पर पिछले कुछ वर्षों से खरीफ मौसम में कृषि भूमि के उस हिस्से में धान के स्थान पर सिंघाड़े की खेती के साथ मछली पालन कर रहे हैं, जहाँ हार्वेस्टर जैसी मशीनों की पहुंच संभव नहीं है। इस नवाचार से उसे अपने छोटे रकबे का बेहतर उपयोग करने के साथ-साथ पहले की तुलना में अधिक आय अर्जित करने में सफलता मिली है।

हल्कु बर्मन के पास लगभग तीन एकड़ सिकमी की जमीन है। इसमें से 0.25 एकड़ छोटे रकबे में हार्वेस्टर के पहुंचने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने के कारण धान की कटाई एक बड़ी समस्या थी। धान की कटाई के लिए मजदूरों पर निर्भरता के कारण समय और लागत दोनों बढ़ते थे। इसी समस्या को देखते हुए किसान ने खेत के इस हिस्से में कुछ वर्ष पहले धान के विकल्प के रूप में सिंघाड़े की खेती के साथ मछली पालन शुरू किया।

हल्कु शेष रकबे में रबी में मटर एवं सब्जियों की तथा गर्मियों में उड़द की खेती करते हैं। इससे उन्हें खर्च काटकर सालाना लगभग चार लाख रूपये तक की आय प्राप्त होती है। हल्कु फसल विविधीकरण के साथ-साथ पशुपालन भी करते हैं एवं बाय प्रोडक्ट जैसे गोबर और गौ मूत्र का प्रयोग खाद के रूप में कृषि में करते हैं। जिससे उन्हें मुख्य उत्पाद के साथ साथ बाय प्रोडक्ट का भी लाभ मिलता है जो इसे एकीकृत कृषि प्रणाली से जोड़ता है।

### एक ही खेत से दोहरा उत्पादन

खेत के छोटे से हिस्से में सिंघाड़े की खेती के साथ मछली पालन करने से हल्कु बर्मन को एक ही रकबे से दो अलग-अलग स्त्रोतों से आय प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। पानी में सिंघाड़े के पौधों की वृद्धि के साथ उसी जलक्षेत्र में उपयुक्त प्रजातियों की मछलियों का पालन किया जा सकता है। इससे उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग होता है और किसान की आय के स्त्रोतों में विविधता आती है।

किसान हल्कु बर्मन का मानना है कि सिंघाड़े और मछली दोनों का उत्पादन संतोषजनक है। उन्होने बताया कि यह पद्धति धान की पारंपरिक खेती की तुलना में उसके लिए अधिक लाभकारी साबित हो रही है। उसे सिंघाड़े से 30 से 40 हजार रूपये एवं मछली पालन से 25 से 30 हजार रूपये तक अतिरिक्त आय प्राप्त होती है।

हल्कु बर्मन के इस नवाचार का अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ इंदिरा त्रिपाठी ने वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शहपुरा एस के परतेती के साथ अवलोकन किया। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे छोटे एवं मध्यम किसान, जिनके खेत के कुछ हिस्से में मशीनों की पहुंच सीमित है या जिन क्षेत्रों में लंबे समय तक पानी उपलब्ध रहता है, वे स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार मछली एवं सिंघाड़े की खेती कर सकते हैं। कृषि अधिकारियों के अवलोकन के दौरान ग्राम के अन्य किसान गोलू तिवारी ग्राम भीटा, महेंद्र पाल ग्राम फुलर, पुरनसिंह ग्राम भीटा भी मौजूद थे।

# बघराजी के राधा कृषि केन्द्र का उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय लायसेंस निलंबित

**बघराजी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने आदेश जारी कर विभिन्न प्रकार की अनियमितता पाये जाने तथा उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं कीटनाशी अधिनियम का उल्लंघन करने पर कुंडम तहसील के अंतर्गत बघराजी स्थित मेसर्स राधा कृषि केन्द्र का उर्वरक और कीटनाशी विक्रय लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स राधा कृषि केन्द्र बघराजी का विगत दिनों अनुभागीय कृषि अधिकारी कुंडम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कैश मैमो एवं क्रेडिट मैमो जारी न करने तथा क्रय-विक्रय रिपोर्ट एवं अभिलेखों का संधारण न करने जैसी कई अनियमितता पाई गई थी।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास उमेश कुमार कटहरे द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई इन अनियमितताओं के मद्देनजर मेसर्स राधा कृषि केन्द्र का फुटकर उर्वरक विक्रय लायसेंस एवं कीटनाशक विक्रय लायसेंस निलंबित करने के साथ ही प्रतिष्ठान के संचालक को सात दिन के भीतर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।



# रक्तदान महाअभियान में 47 यूनिट रक्त संग्रहित

**जबलपुर नवभारत 25 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के समाज सेवा प्रभाग द्वारा संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 19वें पुण्य स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित पांच दिवसीय विशाल रक्तदान महाअभियान के अंतर्गत एफटीएस युवा जबलपुर के सहयोग से मंगलवार को शिव उपहार भवन प्रेमनगर में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में एफटीएस युवा जबलपुर के कमल वालेचा, मनीष जैन, मनीष पासी आदि का विशेष सहयोग रहा। वहीं ब्रह्माकुमारीज संस्था की ओर से दीपक भाई, हर्षित भाई, जयसिंह भाई पूजा व शिवकुमारी दीदी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। विक्टोरिया अस्पताल ब्लड बैंक की टीम ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम में कुल 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया। शिव उपहार भवन की ओर से सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

विरोध — पाटन चौराहे में भगवती मानव कल्याण संगठन कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे, 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

# गांव-गांव अवैध शराब बिक्री के विरोध में प्रदर्शन

**पाटन नवभारत 25 अगस्त।** भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा अवैध शराब बिक्री को लेकर एक रैली निकाली। जिसमें मातृशक्ति भी शामिल रहीं। पाटन चौराहा पहुंचकर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा एक ज्ञापन एसडीओपी लोकेश डाबर को सौंपा गया। जिसमें गांव-गांव बिक रही अवैध शराब बिक्री के ऊपर कारवाई की मांग की गई। यही नहीं नया विषय बस स्टैंड इलाके में खुली शराब दुकान को लेकर भी कार्यकर्ताओं के द्वारा विरोध जताया गया।



कार्यकर्ताओं ने कहा कि 15 दिन के अंदर यदि शराब दुकान को नहीं हटाया गया तो आने वाले समय में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पाटन चौराहा पहुंचे थे जहां पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। मामले की सूचना मिलने पर पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर और पाटन पुलिस थाने का स्टाफ भी मौके पर पहुंचा। कार्यकर्ताओं के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीओपी लोकेश डाबर ज्ञापन दिया गया । जिसमें जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की गई। वहीं पाटन एस डी ओ पी लोकेश डाबर का कहना है कि कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्हें ज्ञापन दिया गया है शराब दुकान हटाने के संबंध में उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी इस संबंध में जैसे भी दिशा निर्देश मिलेंगे उस हिसाब से आगे कार्रवाई की जाएगी।

# नन्हें-मुन्नों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

▸ अजय सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल पनागर में आयोजन

**पनागर नवभारत 25 अगस्त।** अजय सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल पनागर में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते और प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं छात्रों ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार दिए। विद्यालय परिसर में पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल नजर आया। बच्चों में रक्षाबंधन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला विद्यालय प्राचार्या लता पाठक एवं शिक्षकों ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व के महत्व से अवगत कराते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम ने बच्चों के बीच स्नेह और अपनत्व की भावना को और मजबूत किया।

